卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्नि जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केंद्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 80 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦26 दिसम्बर 2022 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# भुलाया नहीं जा सकता चार साहिबजादों का बलिदान :धामी

## वीर बाल दिवस पर सीएम धामी ने नानकमत्ता में चार साहिबजादों को दी श्रद्धांजलि, शहीद उधम सिंह को भी किया नमन









नानकमत्ता (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को नानकमत्ता, उधम सिंह नगर, स्थित गुरुनानक अकाडमी में वीर बाल दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।इस अवसर पर उन्होंने शहीद ऊधमसिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण, गुरुनानक अकाडमी परिसर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लैब का शुभारंभ एवं छात्रों को सम्मानित किया। इससे पहले मुख्यमंत्री श्री धामी ने गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब में मत्था टेक प्रदेश में सुख समृद्धि व शांति की कामना की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शहीद ऊधम सिंह को नमन करते हुए कहा कि शहीद ऊधम सिंह महान क्रांतिकारी थे, जिन्होंने जलियांवाला बाग हत्याकांड के दोषी जनरल ओ डायर को इंग्लैंड में जाकर सभा के सामने मौत के घाट उतार। उन्होंने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हमारे जनपद का नाम शहीद ऊधम सिंह जी के नाम पर पड़ा। मुख्यमंत्री ने दशमेश गुरु गोविंद सिंह और उनके चारों साहिबजादों बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह,बाबा जोरावर सिंह व बाबा फतेह सिंह की महान शहादत को नमन करते हुए कहा कि गुरु साहब के चारों शहजादों का बलिदान भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्वइतिहास का अनोखा अध्याय (शेष पृष्ठ 7 पर)

# धर्मांतरण के खिलाफ बाजार बंद,प्रदर्शन

उत्तरकाशी (उद संवाददाता)।धर्मांतरण मामले के विरोध में सोमवार को पुरोला नगर व्यापार मंडल की ओर से क्षेत्र में बाजार बंद रखा गया। इस दौरान सभी व्यापारिक



प्रतिष्ठान पूरी तरह से बंद रहे। वहीं, व्यापारियों ने सड़कों पर उतरकर धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में विभिन्न हिंदू संगठन और भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने शहर में जुलूस भी निकाला। साथ ही आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की। उन्होने ग्रामीणों सहित कवरेज करने गए (शेष पृष्ठ सात पर)

# अंकिता को न्याय दिलाने के लिए धरने पर बैठे हरदा





देहरादून(उद संवाददाता)। अंकिता हत्याकाण्ड मामले में सरकार के बयान के विरोध और वीआईपी गेस्ट का खुलासा करने की मांग का लेकर आज पूर्व सीएम हरीश रावत के आहवान पर सैकड़ों लोगों ने गांधी पार्क में एकत्र होकर प्रदर्शन किया और चौबीस घंटे के लिए धरने पर बैठ गये। सोमवार दोपहर 12 बजे शुरू हुआ यह धरना मंगलवार 12 बजे तक जारी रहेगा। धरना प्रदर्शन में कांग्रेस सहित विभिन्न संगठनों के लोग शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। गांधी पार्क में धरने में बैठने से पूर्व पूर्व सीएम हरीश रावत ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्प (शेष पृष्ठ सात पर)

# एसटीएफ ने एक और गैंगस्टर दबोचा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार के निर्देश पर राज्य में इनामी अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल के निर्देशन में गठित एसटीएफ की टीम ने रुद्रपुर थाना क्षेत्रान्तर्गत दिनेशपुर मोड़ से 25 हजार के ईनामी गैंगस्टर को गिरफ्तार किया है। एसएसपी एसटीएफ ने बताया कि जसविंदर सिंह उर्फ बिंदु पुत्र जागीर सिंह निवासी ग्राम कॉमरेड का डेरा थाना केलाखेड़ा गदरपुर थाना क्षेत्र से वाँछित चल रहा था। ये कुख्यात चोर इतना शातिर था कि उसके विरुद्ध थाना गदरपुर में वर्ष 2021 में 2/3 गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उसकी गिरफ्तारी के लिए एसएसपी उधम सिंह नगर ने 25000 के इनाम की घोषणा की थी। जिसकी गिरफ्तारी हेतु एसटीएफ कुमाऊं युनिट की टीम लगातार काम कर रही थी। देर रात्रि में इनामी जसविंदर सिंह के थाना रुद्रपुर क्षेत्र में छिपे होने की सूचना मिलने पर एसटीएफ टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इनामी को दिनेशपुर मोड़ से धर दबोचा। एसटीएफ की इस कार्रवाई में आरक्षी गुरवंत सिंह व मुख्य आरक्षी जगपाल सिंह की (शेष पृष्ठ सात पर)



# रेलवे भूमि से अतिक्रमण हटाने को बनाई रणनीति

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। रेलवे भूमि प्रकरण में 30 से 35 हजार लोगों को कोई राहत मिलती नहीं दिख रही है। जिला प्रशासन और रेलवे अधिकारियों ने सोमवार को आपस में बैठक कर यहां रेलवे जमीन के अधिग्रहण करने की पूरी तैयारी कर ली है। यह बैठक आज काठगोदाम स्थित सर्किट हाउस में हुई। जिसमें बनभूलपुरा के लोगों को रेलवे भूमि से हटाने के लिए विचार विमर्श किया गया। साथ ही रेलवे भूमि से कब्जा हटाने के लिए उपयोग में आने मशीनरी को लेकर लेकर भी मंथन किया गया। बैठक में पूर्व में हुए चिन्हीकरण पर सहमति बनी। जिसके पश्चात सार्वजनिक रूप से नोटिस प्रकाशित किया जाएगा। और मुनादी कराई जाएगी। बैठक में फोर्स की रहने की व्यवस्था पर विचार किया गया। बैठक में रेलवे इज्जत नगर मंडल की एडी आरएम विवेक गुप्ता, कुमाऊँ मंडल आयुक्त दीपक रावत, डीएम नैनीताल धीराज, एसएसपी नैनीताल पंकज भट्ट, सीएमओ नैनीताल भागीरथी जोशी, एडीएम अशोक जोशी, नगर मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह, एसडीएम (शेष पृष्ठ सात पर)



# अगले चौबीस घंटे और बढ़ेगी ठिठुरन,शीत लहर का यलो अलर्ट

देहरादून (उद संवाददाता)। प्रदेश में अगले चौबीस घंटे में ठंड बढ़ सकती है। ऊधमसिंहनगर और हरिद्वार जिलों में शीत लहर को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। सुबह से दोनों जिलों में घना कोहरा भी छाया रहा। प्रदेश के अन्य शहरों में भी हल्का कोहरा होने से ठिठुरन बढ़ गई है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के मुताबिक उत्तराखंड में अगले चौबीस घंटे में ठंड बढ़ सकती है। हालांकि, पश्चिमी विक्षोभ निष्क्रिय होने से फिलहाल बारिश- (शेष पृष्ठ 7 पर)



# पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर की थी पति की हत्या

## कोर्ट के आदेश पर मृतक की पत्नी सहित 12 लोगों के खिलाफ रपट दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रेम प्रसंग के चलते एक महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या कर उसका शव दफना दिया। मृतक के पिता ने पुत्रवधू सहित बारह लोगों के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज करा दिया है। दर्ज रपट में शाकीर अली पुत्र नवी अहमद निवासी- चिप हाउस वाटर सप्लाई पंतनगर, जवाहर नगर ने फातिमा पुत्री इकरार,नवी आलम, वली आलम पुत्रगण इकरार, इकरार पुत्र अज्ञात (फातिमा का पिता) निवासीगण ग्राम नई बस्ती भर्रा गोटिया थाना वारादरी जिला बरेली, रियासत अली पुत्र नवी अहमद, राशिद पुत्र रियासत निवासीगण गोलगेट पंतनगर थाना पंतनगर, आरिफ पुत्र राशिद निवासी ग्राम नई बस्ती भरी गोटिया थाना वारादरी जिला बरेली, अबरार पुत्र अलाउद्दीन, महसाना पत्नी अबरार निवासीगण नई बस्ती बिनावर थाना बिनावर जिला बदायू, बेगम बानो पत्नी इसरार, असलम पुत्र इसरार निवासी गण मचनई थाना मूसाझाग जिला बदायूँ तथा मो. आरिफ उर्फ चन्दू पुत्र साबिर अली निवासी नगला गोलगेट थाना पंतनगर के खिलाफ कहा है कि उसके पुत्र जाहिद की पत्नी फातिमा के रियासत अली पुत्र नवी अहमद से नजायज संबंध हो गये थे। पुत्र जाहिद अली ने पत्नी फातिमा व रियासत अली को शारीरिक संबंध बनाते हुए 2 अगस्त 2022 की रात्रि को देख लिया था। जिस पर पुत्र ने फातिमा व रियासत अली दोनों की इस हरकत का विरोध किया तो उपरोक्त दोनों ने एकराय होकर उसके पुत्र को जान से मार दिया और केस को छुपाने की नियत से लाश को अग्रवाल के घर के पास बरेली रोड़ के पास खेत में डाल दिया और कह दिया कि सांड ने जाहिद को मार दिया। जब उसे अपने पुत्र की मृत्यु की सूचना मिली तो वह बदहवास हो गया। उपरोक्त लोगों ने कुछ अज्ञात लोगों के साथ मिलकर उसके पुत्र के शव को दफना दिया। 10 सितम्बर 2022 को फातिमा अपने फुफेरे भाई आरिफ, अबरार, महसाना, बेगम बानो, असलम ,राशिद, मो. आरिफ, नवी आलम, वली आलम, इकरार के साथ एकराय होकर उसके घर से 4.50 लाख रूपये के सोने चांदी के जेवर और घर का सारा दहेज का सामान जबरदस्ती ले गए। जब उसने उन्हें रोकने की (शेष पृष्ठ सात पर)

# प्रत्येक जनपद में होगी साइबर एक्सपर्ट्स की नियुक्ति : डीजीपी

## पुलिसकर्मियों को परिवार में जन्मदिन मनाने और सालगिरह के लिए मिलेगी छुट्टी
## अधिकारियों और कर्मचारियों ने पुलिसिंग को बेहतर करने के लिये सुझाव भी दिए

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड पुलिस मंथन-समाधान एवं चुनौतियां पर आधिारित चिंतन शिविर सप्ताह समाप्त हो गया। इस दौरान कई अहम सुझाव मिले हैं। इन सुझावों के आधार पर अब पुलिस वालों के लिए कई बड़े फैसले लिए गए हैं। ये फैसले इस तरह से हैं। सत्यापन अभियान लगातार चलाए जाएंगे एवं समय -समय पर उनकी समीक्षा की जाएगी। पुलिसकर्मियों को अब परिवार के सदस्यों के जन्मदिन और शादी की सालगिरह मनाने के लिए भी छुट्टी मिलेगी। डीजीपी अशोक कुमार ने इस छुट्टी को तत्काल मंजूर करने के निर्देश जारी किए हैं। शनिवार को जमीनी स्तर पर काम करने वाले अधिकारियों और पुलिसकर्मियों के साथ संवाद कर रहे थे। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने अपनी समस्याएं भी बताईं। पुलिस लाइन में डीजीपी के साथ संवाद में डीएसपी, इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर, एएसआई, हेड कांस्टेबल और सिपाहियों ने हिस्सा लिया। इन अधिकारियों और कर्मचारियों ने पुलिसिंग को बेहतर करने के सुझाव भी दिए। साथ ही समस्याओं के निस्तारण की कार्ययोजना भी बताई। पुलिस मंथन कार्यक्रम के तहत आयोजित इस संवाद कार्यक्रम में 136 पुलिसकर्मियों और अधिकारियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्षमता कैसे सुधारें, व्यवहारिक कठिनाइयों, उसमें बदलाव की जरूरत, प्रशिक्षण, कल्याण, कार्मिक संबंधी मुद्दों पर भी चर्चा की गई। छुट्टी के विषय में डीजीपी अशोक कुमार ने कहा कि आकस्मिक छुट्टी के प्रार्थनापत्र व्हॉट्सएप पर भी दिए जा सकते हैं। विचार करने के बाद छुट्टी मिल सकेगी। पुलिसकर्मी परिवार में जन्मदिन, शादी की सालगिरह आदि पर आकस्मिक छुट्टी मांगते हैं। अब यह छुट्टी तत्काल मंजूर होगी। अभिसूचना विभाग को सूचनाओं पर प्रोएक्टिव होकर कार्य करने के निर्देश दिए गए। यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत मुनीकीरेती एवं रुड़की क्षेत्र से यातायात उप निरीक्षकों एवं सी0पी0यू0 टीम को यातायात सुधार हेतु ऋषिकेश एवं मसूरी स्थानान्तरित करने के निर्देश दिए। पुलिस के आधारभूत प्रशिक्षण में उत्तराखंड पुलिस ऐप, गौरा शक्ति योजना एवं अन्य तकनीकी सेवाओं के प्रशिक्षण जोड़ने को निर्देश दिए। साइबर, ड्रोन एवं कम्प्यूटर से सम्बन्धित समस्त प्रशिक्षण डाइटेक देहरादून की आधुनिक लैब में कराये जाने का निर्णय लिया गया।समस्त पुलिस कर्मियों को वार्षिक हेल्थ चेकअप आयोजित करने एवं स्ट्रेस मैनेजमेंट के अधिक से अधिक जागरूकता सत्र चलाने के निर्देश दिए।अन्य राज्यों में पुलिस के द्वारा किए जा रहे विशेष अभियानों की समीक्षा कर लागू करने के भी निर्देश दिए। एस0डी0आर0एफ0, फायर सर्विस, यातायात पुलिस को




पैरामेडिकल की ट्रेनिंग भी दी जायगी, जिससे गोल्डन आवर में घायलों की जान बचाई जा सके। एस0डी0आर0एफ0 में महिलाओं की प्रतिभागिता भी बढाई जायगी।जी0आर0पी0 में रेलवे विभाग के साथ समन्वय कर रेलवे स्टेशनों को सीसीटीवी से कवर किया जाए और ट्रेनों पर पत्थरबाजी से सम्बन्धित घटनाओं पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए।रोडवेज बस में पुलिसकर्मियों हेतु मुफ्त यात्रा/मासिक पास के प्रयास किये जायेंगे।पुलिस लाईन/विधानसभा/ राजभवन एवं अन्य जगहों पर पीएसी हेतु टेंट के स्थान पर पी-फेब्रिकेटेड हट की व्यवस्था को प्रारम्भ किया जाय, जिससे कर्मचारियों के रहन-सहन का स्तर बढे। डायल 112 में 2019 से आज तक 90 लाख कॉल आई हैं। 112 पर झूठी सूचना देने वालों के विरूद्ध भी कार्यवाही की जाए।चीता कॉल पर जाने के पहले एक बार कॉलर के नम्बर पर भी कॉल कर लें। डायल 112 के माध्यम से एमडीटी (मोबाइल डाटा टर्मिनल) पर प्राप्त होने वाली सूचनाओं पर त्वरित कार्यवाही करने और रिस्पोंस टाईम को बेहतर करने हेतु निर्देशित किया गया।फैक्स के स्थान पर ई0मेल तथा पोलनेट का अधिकाधिक प्रयोग किया जाय।ट्रैफिक नियंत्रण, चारधाम यात्रा, आपदा प्रबन्धन में ड्रोन का प्रयोग किया जाय।नशा छोड़ चुके व्यक्तियों को ड्रग वारियर घोषित कर, उनसे ऑनलाइन काउंसलिंग कराएं। नशा पीड़ित एवं नशा पैडलर्स की प्रोफाइलिंग की जाए। महिला हेल्पडेस्क एवं चीता मोबाइल को सीयूजी मोबाइल नम्बर प्रदान किये जाएंगे। भविष्य में पुलिस चौकियों को भी सीयूजी मोबाइल नम्बर प्रदान किये जाने का प्रयास किया जाएगा। पुराने निरीक्षकों, उप निरीक्षकों एवं आरक्षियों को ज्मबींअअल बनाया जाएगा। इस हेतु पुलिस लाइन व बटालियनों में उन्हें प्रशिक्षण कराया जाएगा, जिससे वे भी तकनीक का बखूबी इस्तमाल कर सकें। स्मार्ट बैरक्स की तर्ज पर अब थानें एवं चौकियों के शौचालयों को भी स्मार्ट बनाया जाएगा।पीएसी जहां पर स्थायी रूप से निवास कर रही है, वहां पर उनकी रहने के स्तर में सुधार हेतु सेनानायक 31वीं वाहिनी पीएसी की अध्यक्षता में कमेटी बनायी गयी है।. पुलिस कर्मियों में तनाव मुक्ति हेतु उत्तराखण्ड पुलिस वाईव्स वेलफेयर एसोसिएशन (उपवा) के तत्वाधान में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।स्कूल एवं कॉलेजों में छात्रों को पुलिस लाइन देहरादून में 01 सप्ताह का आत्म रक्षा का प्रशिक्षण दिये जाने का निर्णय लिया गया। अल्मोड़ा और श्रीनगर के महिला थाने को साइबर थाना के रूप में विकसित करने का प्रयास किया जाएगा। प्रत्येक जनपद में साइबर एक्सपर्ट्स की नियुक्ति के प्रयास किये जाएंगे। पुलिस कर्मियों के वेलफेयर के तहत शुरू की गयी व्हाट्सएप पर छुट्टी हेतु आवेदन करने की व्यवस्था को अनिवार्य रूप से लागू किया जाएगा। पुलिस कर्मियों द्वारा अपने या अपने परिवार के किसी सदस्य के जन्मदिन एवं सालगिराह पर आकस्मिक अवकाश हेतु अनुरोध किया जाता है, तो उन्हें तुरंत अवकाश दिया जाएगा। महिला हेल्पडेस्क एवं चीता मोबाइल को सीयूजी मोबाइल नम्बर प्रदान किये जाएंगे। भविष्य में पुलिस चौकियों को भी सीयूजी मोबाइल नम्बर प्रदान किये जाने का प्रयास किया जाएगा।

# किताब कौथिग में पहुंचे सीएम धामी



चंपावत। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को राजकीय इण्टर कॉलेज, टनकपुर में आयोजित प्रथम "किताब कौथिग" कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टालों के साथ ही पुस्तकों के स्टालों का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने टनकपुर क्षेत्र में पुस्तकालय खोले जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि टनकपुर में शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए किताब कौथिग के रूप में एक नई शुरुआत की गई है। पुस्तकें हमारे दिमाग को पोषण देने का कार्य करती हैं। हमें पुस्तकों से नया ज्ञान अर्जित होता है, विश्व भर के स्रोत, साहित्य, एवं अनजाने रहस्य के बारे में हमें पुस्तकों से ही पता चलता है। यह 'किताब कौथिग' पढ़ने लिखने की संस्कृति को नया आयाम देगा। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को साहित्य, संगीत, कला, संस्कृति जैसे विभिन्न विषयों पर चर्चा का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा इस तरह के कार्यक्रम पूरे राज्य में हो इसके लिए प्रयास किये जायेंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भारत-नेपाल सीमा पर टनकपुर क्षेत्र का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। यहां आए हुए अतिथि, इस क्षेत्र की बेहतरीन यादें ले जाएंगे। मुख्यमंत्री ने स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी को नमन करते हुए कहा कि वाजपेयी जी कुशल प्रशासक, राजनीतिज्ञ एवं लोकप्रिय जन नेता थे वे एक ऐसे महान वक्ता थे, जिन्हें समाज के सभी वर्गों के लोग प्यार और आदर करते थे। अटल जी उत्तराखण्ड राज्य के प्रणेता हैं, उन्होंने न केवल उत्तराखण्ड राज्य का निर्माण किया बल्कि इसके विकास के लिए आधार भी तैयार किया। पी.एम.जी.एस.वाई की शुरुआत भी अटल बिहारी वाजपेई द्वारा की गई, जिसके अंतर्गत आज उत्तराखंड में ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों का जाल बिछा है।

# कांग्रेसियों ने शहीद उधम सिंह को दी श्रद्धांजलि

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शहीद उधम सिंह की जयंती यहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर व उन्हें श्रद्धा सुमन



अर्पित कर सादगी पूर्ण वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर नवोदय विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा और महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जगदीश तनेजा के नेतृत्व में दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्र हुए और उन्होंने शहीद उधम सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।इस अवसर पर वक्ताओं ने शहीद उधम सिंह का स्मरण करते हुए उनके पद चिन्हों पर चलकर देश को मजबूत और अखंड बनाए जाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पूर्व दर्जा राज्यमंत्री हरीश बावरा,वरिष्ठ कांग्रेस नेता गोपाल भसीन, महानगर कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष संजीव रस्तोगी, महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व प्रधान विजय यादव, पूर्व सांसद प्रतिनिधि साजिद खान, महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रामप्रसाद, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुनील आर्य, बाबू विश्वकर्मा, कमलेश गुप्ता, राजीव यादव,राजेश सिंह, अनिल शर्मा सहित बड़ी संख्या में अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कन्या महाविद्यालय में गायन व नृत्य प्रतियोगिता आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म कन्या महाविद्यालय में छात्राओं के लिए गायन एवं नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ विद्यालय का प्राचार्या डा. सतविन्दर कौर एवं कार्यक्रम संचालिका डा. चम्पा जग्गा ने किया। प्राचार्या डा. सतविन्दर कौर ने छात्राओं को बताया गायन, वादन एवं नृत्य तीनों के समावेश को संगीत कहते हैं। यह मनुष्य के मूल स्वभाव में निहित रहते हैं। डा. चम्पा जग्गा ने सामवेद को संगीत का सबसे बड़ा श्रोत बताया साथ ही भगवान शंकर के नृत्य को सर्वप्रथम नृत्य करनें का अधिष्ठाता बताया। आयोजित प्रतियोगिताओं में रश्मि, सुरेन्द्र कौर, मान्या खुराना, आरती, ईला, श्रद्धा शिवांगी ग्रुप्स ने भाग लिया। गायन



प्रतियोगिता में रश्मि तिवारी प्रथम, मान्या खुराना द्वितीय तथा एश्वर्या तृतीय रहीं। नृत्य प्रतियोगिता में सुरेन्द्र कौर ग्रुप प्रथम व द्वितीय स्थान पर रहा। एकल प्रतियोगिता में मान्या खुराना प्रथम, इला गोसाईं द्वितीय रहीं। निर्णायक के रूप में अध्यापिका डा. शिल्पा, डा. श्वेता व डा. भावना मौजूद रहीं। इस मौके पर डा. ज्योति, डा. नीमा, डा. रजनी, डा. रेखा, डा. सुगंधा, डा. विद्या, डा. नेहा, डा. सत्यवती, श्रीमती प्रेरणा, नीतू सोनिया व गुंजन आदि मौजूद थीं।

# एएसपी सिटी की सूझबूझ से शांत हुआ बवाल

गदरपुर (उद संवाददाता)। ग्राम कामरेड का डेरा (केलाखेड़ा) निवासी जसवंत सिंह की संदिग्ध अवस्था में हुई मौत पर मृतक की माता ने पुलिस कर्मियों पर वाहन से टक्कर मारकर हत्या किये जाने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी थी। घटना के करीब 48 घंटे बाद युवक के शव का पोस्टमार्टम होने के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। ग्रांव में शव के पहुंचने पर सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंच गये। वहीं घटना को गंभीरता से लेते हुए जनपद के विभिन्न थानों की पुलिस भी तैनात की गयी। मामले को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर के दिशा निर्देश पर हल्द्वानी के एएसपी सिटी हरबंस सिंह को मामले की जाच करने एवं परिजनों से मिल मामला शांत करवाने की जिम्मेदारी सौंपी गयी। एएसपी



हरबंस सिंह गांव पहुंचे और मृतक के परिजनों से मिले और घटना पर गहरा दु:ख प्रकट किया। करीब तीन घंटे तक चली वार्ता के बाद एएसपी हरबंस सिंह द्वारा मृतक की मां को आश्वासन दिया गया कि घटना में शामिल पुलिस कर्मियों के खिलाफ पुलिस चौकी से तुरन्त हटाया दिया जायेगा। जबकि परिजनों ने ही दरोगा को निर्दोष करार दिया गया और पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि शासन से जो भी परिवार को अधिक से अधिक सहाययता उपलब्ध होगी उसे दिलायी जायेगी। परिवार का किसी प्रकार से उत्पीड़न आदि नहीं होगा। इस आश्वासन के बाद देर सायं मृतक युवक का गमगीन माहौल में अन्तिम संस्कार किया गया। इस मौके पर एसपी सिटी रुद्रपुर मनेज कल्याल, एसपी अभय प्रताप सिंह, सीओ भूपेन्द्र सिंह भंडारी, एसआई गदरपुर ओम प्रकाश, एलआयू प्रभारी गदरपुर, अल्मोड़ा थाना प्रभारी जसविन्दर सिंह क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि एवं काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# कट्टे में पड़े मिले तमंचे

गदरपुर (उद संवाददाता)। रामजीवनपुर गांव में नहर के भीतर कट्टे में अवैध तमंचे मिलने से हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने अवैध तमंचो को कब्जे में ले लिया। जानकारी के अनुसार रविवार को रामजीवनपुर गांव के



कुछ युवा नहर के पास घूम रहे थे। अचानक उनकी नजर नहर के पास पड़े एक प्लास्टिक के कट्टे पर पड़ी। जिसके बाहर एक तमंचा और कट्टे के अंदर एक तमंचा पड़ा था, युवकों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना पर थाना गदरपुर में तैनात कॉन्स्टेबल इमरान अंसारी मौके पर पहुंचे और अवैध तमंचों को अपने कब्जे में ले लिया। बताते दें विगत दिनों भी गदरपुर क्षेत्र में अवैध हथियारों की फैक्ट्री का खुलासा भी हुआ था।

# सूर्या फाउंडेशन ने आयोजित की खेलकूद प्रतियोगिताएं

काशीपुर(उद संवाददाता)। सूर्या फाउंडेशन आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत गांव टीला में खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि कमल सिंह (पूर्व प्रधान टीला), उदयराज (किसान समिति के पूर्व अध्यक्ष) क्षेत्र प्रमुख नीतिश कुमार ने फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उद्घाटन में कबड्डी का मैच कराया गया जिसमें गांव टीला और भरतपुर के टीमों का मैच कराया गया। कबड्डी प्रतियोगिता में 5 गांव से 6 टीमों ने भाग लिया। जिसमें गांव टीला के टीम ने बाजी मारी। मुख्य अतिथि कमल प्रधान जी ने सभी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में पढ़ाई के साथ-साथ खेल बहुत जरूरी है हमारे शारीरिक और मानसिक शक्ति में असीम वृद्धि होती है ऐसे बच्चों के अंदर नेतृत्व क्षमता का विकास होता है खेलकूद हमारे लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए उत्साहित करता है इससे बच्चों में जीत को नम्रता और शान शुभकामनाएं से स्वीकार करने की भावना जागृत करता है।वही क्षेत्र प्रमुख नीतीश कुमार ऑडिट करते हुए कहां की सूर्या फाउंडेशन के द्वारा पूरे देश भर में खेल प्रतियोगिता 25 दिसंबर अटल बिहारी वाजपेई जी के जयंती से प्रारंभ होकर 23 जनवरी सुभाष चंद्र बोस जी के जयंती तक चलेगी। यह प्रतियोगिता 7 दिनों तक चलेगी विभिन्न प्रकार के खेल कराए जाएंगे जैसी युवाओं के लिए क्रिकेट वॉलीबॉल कबड्डी दौड़ 1 किलोमीटर सूर्य नमस्कार बहनों के लिए दौड़ 500 मीटर कुर्सी दौड़ एवं महिलाओं के लिए मटका दौड़ रस्साकशी कराए जाएंगे और समापन में सभी विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किए जाएंगे। इस मौके पर श्रश्ठ सुनील, सूर्या यूथ क्लब के शिक्षक सचिन, सूर्या संस्कार केंद्र के शिक्षक गौरव, भरत, हिमांशु शिवम,कृष्णा, दीपक, अवनीश, जयप्रकाश,सूरज आदि उपस्थित रहे।



**शीघ्र आवश्यकता है**

**SAMPURNA JEEVAN DHAN NIDHI LIMITED (BANKING SERVICES) को**

1.**रिसेप्शनिष्ट( महिला )**-(1),**योग्यता**-स्नातक एवं कम्प्यूटर में एक वर्ष का डिप्लोमा,अनुभवी को वरीयता (वेतन योग्यतानुसार)
2. **कम्प्यूटर ऑपरेटर कम एकाउन्टेंट**-(1)**योग्यता**-B.C.A. /**बी.कॉम**, अनुभव-दो वर्ष, (वेतन योग्यतानुसार)
3. **सेल्स एक्जीक्यूटिव**- (25), **योग्यता**-हाईस्कूल,अनुभवी को वरीयता स्वयं का दो पहिया वाहन होना अनिवार्य (वेतन-20,000+इन्सेंटिव)
4. **मैनेजर**- (1) योग्यता-स्नातक+एमबीए (अनुभव 2 वर्ष) (वेतन योग्यतानुसार)
5. **सेल्स एक्जीक्यूटिव ( महिला एवं पुरूष ) -पार्ट टाईम**(कमीशन के आधार पर)
6. **ड्राईवर** (1) योग्यता आठवीं पास

**बॉयोडाटा एवं प्रमाण पत्रों सहित 10 से सायं 4 बजे तक सम्पर्क करें।**

**पता**-7&8 ,**रुद्रा ऑर्केड कॉम्प्लैक्स प्लॉट नं.12,नैनीताल हाईवे,(31,वीं वाहिनी पी.ए.सी. गेट के सामने) आवास विकास, रुद्रपुर जिला-उधम सिंह नगर**
Ph.7055903977,7579280778,05944-240875,05944-297127
www.sampurnajeevan.com

# कार खाई में गिरने से दो की मौत, शवों को किया रेस्क्यू

गरुड़(उद संवाददाता)। गरुड़ तहसील क्षेत्र के छत्यांनी के भकुनधार तोक में रविवार शाम कार खाई में गिर गई। कार खाई में गिरने से दो लोग की मौत हो गई ।कार में दो लोग बलवीर सिंह उर्फ जगदीश सिह उम्र 32 ग्राम छतियानी तोक खाई, मंगल नाथ पुत्र स्व राम नाथ उम्र 43निवासी भकुनधार पिंग्लो सवार थे। कार अनियंत्रित होकर भकुनधार रोड से काफी दूर गोमती नदी में गिर गई। कार गिरने की सूचना पर ग्रामीणों ने मौके पर इसकी सूचना जिला प्रशासन को दी।जिसके बाद रेस्क्यू अभियान दल घटनास्थल को रवाना हुआ। घटना स्थल तक पहुंचने पर दोनों कार सवारों की मौके पर हीमौत हो गई।वही रेस्क्यू टीम ने घटनास्थल पहुँचकर शव को रेस्क्यू कर कब्जे में लिया। दुर्घटना की खबर मृतको के घर पहुचने पर कोहराम मच गया। दुर्घटना की खबर मिलने पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष शिव सिह बिष्ट, महेश ठाकुर,घनश्याम जोशी,जे सी आर्य, ज्येष्ठ प्रमुख बहादुर सिह कोरंगा तहसीलदार तितिक्षा जोशी पटवारी प्रकाश सिंह संजय कुमार मौके पर पहुँचे। दुर्घटना स्थल सड़क से काफी दूर होने से प्रशासन की टीम को मौके पर पहुँचने में देरी लग गई।




**Shri Shyam Properties**
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

**वाटर प्रूफिंग**
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

# सुशासन दिवस के रूप में मनाई वाजपेयी की जयंती

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मेयर रामपाल सिंह और बूथ अध्यक्ष किशन आहूजा की अगुवाई में भाजपाईयों ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई। इस मौके पर मेयर रामपाल सिंह समेत पार्टी कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये। इसके बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी देखा। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मेयर रामपाल ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने परमाणु परीक्षण के माध्यम से विश्व भर में भारत का परचम लहराया था। आज देशभर में पार्टी कार्यकर्ता उनको याद करते हुए सुशासन दिवस के रूप में मना रहे हैं।उन्होंने कहा कि अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल में अटल बिहारी वाजपेयी जी ने देश को नई दिशा प्रदान की थी और देश में सुशासन लाने का ऐतिहासिक काम किया था। देश के लिए उनका योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनके व्यक्तित्व का ही कमाल था कि भाजपा के साथ उस समय नए सहयोगी दल जुड़ते गए। अपनी भाषण कला, वाणी के ओज, लेखन व विचारधारा से उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई थी। इस अवसर पर पार्षद निमित्त शर्मा उत्तरी मंडल महामंत्री राधेश शर्मा, किशन आहूजा, दीपक भट्ट विपिन पाण्डे,अनुज त्रिवेदी, हरीश चन्द्र गाइन, नवल किशोर साहनी, राजू पाण्डे, बाबू राम, दीवान सिंह रेसवाल, रीत लाल राय, लखन भगत अशोक विश्वास, आकाश प्रजापति आदि मौजूद थे।



# भाजपा ने धर्म के नाम पर जनता को बांटा: पांडे

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बीमा कर्मचारी संघ हल्द्वानी डिवीजन का 30 वां वार्षिक अधिवेशन भारतीय जीवन बीमा निगम के मंडलीय प्रशिक्षण केंद्र के सभागार में संपन्न हुआ। अधिवेशन के मुख्य अतिथि एक्टू के प्रदेश उपाध्यक्ष कामरेड डॉक्टर कैलाश पांडे ने अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान मोदी सरकार का एकमात्र एजेंडा देश के सारे संसाधन चंद पूंजीपतियों के हवाले कर देना है। इसके खिलाफ जनता एकजुट ना हो इसके लिए उसने सांप्रदायिक एजेंडा छेड़ रखा है जिसके तहत सामाजिक विभाजन इतना गहरा हो गया है कि आने वाले कई दशकों तक इस विभाजन को पाटना संभव नहीं होगा। उन्होंने कहा कि युवाओं में बेरोजगारी चरम पर है। आम जनता कमरतोड़ महंगाई से परेशान है। लेकिन सरकार को इससे कोई फर्क नहीं पड़ रहा क्योंकि सरकार ने धर्म के आधार पर जनता को बांट दिया है। बीमा कर्मचारी संघ के महामंत्री डीके पांडे के प्रतिवेदन में कहा गया कि यह सरकार जिस तरह असहमति के स्वर को दबाने में लगी है वह लोकतंत्र के लिए अनिष्टकारी है। अधिवेशन में खटीमा, पिथौरागढ़, लोहाघाट, नैनीताल, अल्मोड़ा, बिलासपुर, काशीपुर, रामनगर, रुद्रपुर आदि शाखाओं के प्रतिनिधियों ने अपने विचार व्यक्त किए और कहा कि जिस तरह एलआईसी का विनिवेश किया गया है उससे यह साबित होता है कि भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रवाद और देशभक्ति फर्जी है। बीमा कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा कि सरकार की जनविरोधी नीतियों का पर्दाफाश करना जारी रखेंगे। अधिवेशन में एलआईसी के विनिवेश को वापस करने, नई श्रम संहिताओं को रद्द करने, क्लास 3 व 4 में नई भर्ती करने, पुरानी पेंशन बहाल करने, एलआईसी एजेंटों के कमीशन ढांचे से छेड़छाड़ करने के विरोध में प्रस्ताव पारित किए गये।अधिवेशन में आगामी सत्र हेतु सर्वसम्मति से कॉमरेड मनोज गुप्ता को अध्यक्ष, डीके पांडे को महामंत्री एवं विजय सिंह अधिकारी को कोषाध्यक्ष चुना गया।



# डीएम को पहली बार बस से चलते देख लोग हुए हैरान

## सुशासन दिवस पर जनसमस्याएं सुनने के लिए अधिकारियों के साथ बस में सवार होकर कपकोट पहुंची डीएम अनुराधा पाल

बागेश्वर(उद संवाददाता)। सुशासन दिवस पर प्रशासन चला गॉव की ओर के तहत जिलाधिकारी अनुराधा पाल, मुख्य विकास अधिकारी संजय सिंह समेत सभी अधिकारी दो बसों के माध्यम से बागेश्वर व कपकोट विकास खण्ड पहुॅचे। इस दौरान अधिकारियों ने चौपाल लगाकर जन समस्यायें सुनी। विकास खण्ड बागेश्वर चौपाल में 22 शिकायती प्रार्थना पत्र व 13 मौखिक समस्यायें दर्ज हुई, जबकि कपकोट चौपाल में आठ शिकायतें प्राप्त हुई। शिकायतें सुनने के बाद जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया।जबकि कुछ शिकायतों का अधिकारियों द्वारा एक सप्ताह में निराकरण होंगे।चौपाल को वीसी के माध्यम से संबोधित करते हुए जनपद प्रभारी सचिव विनोद कुमार सुमन ने ब्लाक कपकोट व बागेश्वर में समस्यायें सुनने तथा उसको आनलाईन करने के लिए जिला प्रशासन की सराहना की और कहा कि प्राप्त शिकायतों का समयावधि के अन्तर्गत निराकरण किया जाए।प्रभारी सचिव ने डीएम द्वारा लगाए जाने वाले जनता दरबार मे लोगों की जनसमस्याओं के निराकरण के लिए डीएम की कार्यशेली की सराहना की गई।शिकायत समाधान की सूचना शिकायतकर्ता को भी अनिवार्य रूप से दी जाय ताकि जनता का प्रशासन के प्रति विश्वास और बड़ सके। उन्होंने ऑफलाईन शिकायतों को ऑनलाईन करने के भी निर्देश दिए। ताकि शिकायतों का भी रिकॉर्ड रखा जा सके। सचिव ने चौपाल व बहुउद्देशीय शिविरों में जनकल्याणकारी योजनाओं की संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा विस्तृत जानकारी देने, इण्टर कालेजों में जाकर पूर्व सूचना के साथ बच्चों को सभी प्रकार के प्रमाण पत्र स्कूल में ही उपलब्ध कराने के साथ ही गॉवों में शिविर लगाकर सभी प्रकार के प्रमाण पत्र, विभिन्न प्रकार के पेंशन स्वीकृत करने के निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा अधिकारी आम जनता के बीच जाकर संवाद करें तभी सही समस्याओं की जानकारी प्राप्त होगी, उनका समाधान भी किया जा सकेगा। उन्होंने श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ श्रमिकों को पहुॅचानें के साथ ही अधिक से अधिक पात्र लोगों को मनरेगा से जोड़ने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जनपद में सभी को कोविड बूस्टर डोज लगाना भी सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा हम सब मिलकर बागेश्वर जनपद को प्रदेश का अग्रणी जनपद बनायेंगे। चौपाल में 24 समस्याऐ आवास की आई जिस पर जिलाधिकारी ने जिला विकास अधिकारी व खण्ड विकास अधिकारी को यदि सूची में है तो आवास आवंटित करें अथवा उन्हें पोर्टल खुलते ही पंजीकरण करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने कहा कि जनपद में जिन गरीबों के आवास सूची में नाम नहीं है उन्हें सर्वे कर प्राथमिकता से गौशाला उपलब्ध कराए जाने और इसकी सूची प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए।सरस मार्केट कमरे में अनाधिकृत रूप से रह रहे व्यक्ति को नहीं हटने की शिकायत पर डीएम ने हुए ने एसडीएम व खण्ड विकास अधिकारी को तत्काल मौके पे जाकर जॉच कर अनाधिकृत रूप से रह रहे व्यक्ति को हटाते हुए आख्य प्रास्तुत करने के निर्देश दिये।सुशासन दिवस पर ब्लॉक प्रमुख बागेश्वर पुष्पा देवी, ज्येष्ट ब्लॉक प्रमुख कपकोट हरीश मेहरा, प्रभागीय वनाधिकारी हिमांशु बागरी, जिला विकास अधिकारी संगीता आर्या, उपजिलाधिकारी हरगिरि, मुख्य शिक्षा अधिकारी जीएस सौन, सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे।



# सुशासन का उद्देश्य समावेशी और संर्वागीण विकास

## सुशासन दिवस पर राज्यपाल ने उत्कृष्ट सेवाओं के लिए पांच जिलाधिकारियों को किया सम्मानित

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सुशासन दिवस के अवसर पर राजभवन में उत्कृष्ट जिलाधिकारी पुरस्कार-2022 से पांच जिलाधिकारियों को सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले जिलाधिकारी में हरिद्वार के जिलाधिकारी विनय शंकर पाण्डे, नैनीताल के जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल, पौड़ी के जिलाधिकारी डॉ0 आशीष चौहान, रूद्रप्रयाग के जिलाधिकारी मयूर दीक्षित और चमोली के जिलाधिकारी हिमांशु खुराना शामिल है। इस अवसर पर राज्यपाल ने राजभवन की अर्द्धवार्षिक पत्रिका 'देवभूमि संवाद' का विमोचन भी किया। इस पत्रिका में राज्यपाल के विभिन्न कार्यक्रमों एवं उनके भाषणों का संकलन है। देवभूमि संवाद का संपादन उपनिदेशक सूचना डॉ. नितिन उपाध्याय एवं सहसंपादन संजू प्रसाद ध्यानी ने किया है। सुशासन दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में राज्यपाल ने सम्मानित होने वाले अधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सुशासन में जिला प्रशासन की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, सरकार की योजनाओं को बेहतर तरीके से लागू करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण सीढ़ी है। जिस पर इन अधिकारियों ने अपना बेहतर योगदान दिया है। जनता की समस्याओं को सजग होकर एवं ईमानदारी के साथ दूर करने में आप सभी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने आगे भी इसी प्रकार कार्य करने का आह्वान जिलाधिकारियों से किया।राज्यपाल ने कहा कि सुशासन का उद्देश्य समावेशी और संर्वागीण विकास सुनिश्चित करना है। पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जो एक महान नेता, एक असाधारण व्यक्तित्व होने के साथ-साथ सुशासन की प्रतिमूर्ति माने जाते थे उनका हमेशा यही मानना था कि समग्र प्रयासों से सुशासन प्राप्त किया जा सकता है। सुशासन हमारे नागरिकों के सशक्तीकरण हेतु अत्यन्त महत्वपूर्ण है, इसके माध्यम से ही हम अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुंचा सकते हैं। राज्यपाल ने कहा कि टॉप टू बॉटम और बॉटम टू टॉप शासन प्रवाह सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन और जनता के बीच प्रत्यक्ष, भावनात्मक जुड़ाव की आवश्यकता है। जनता की समस्याओं को मेहनती व सजग अधिकारियों और उनकी टीम के संयुक्त प्रयासों से ही दूर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हमारे पास ऐसे कई सक्षम अधिकारी उपलब्ध हैं। राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान में कई चुनौतियां हैं लेकिन सामूहिक प्रयासों से कई चुनौतियां का सामना करते हुए हम निश्चित ही विश्व गुरु के लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी नागरिकों को अधिकार संपन्न बनाने का सशक्त माध्यम है, इसका अधिक से अधिक उपयोग किया जाए।इस अवसर पर सचिव श्री राज्यपाल डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि राज्यपाल की प्रेरणा एवं पहल से इस वर्ष पहली बार जिलों में जनकल्याण कारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन, अभिनव प्रयोग एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिलाधिकारियों को सम्मानित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारियों को अलग से पुरस्कृत करने की पूर्व में कोई व्यवस्था नहीं थी। इस बात को समझते हुए राज्यपाल महोदय द्वारा जिलाधिकारियों के उत्कृष्ट प्रयासों के लिए पुरस्कृत करने का निर्णय लिया गया। सचिव सामान्य प्रशासन विनोद कुमार सुमन ने कहा कि उत्कृष्ट जिलाधिकारी पुरस्कार-2022 हेतु जनपदों से आवेदन प्राप्त किये गए थे। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति के समक्ष जिलाधिकारियों द्वारा प्रस्तुतीकरण दिया गया तदोपरान्त राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के अनुमोदन के बाद उक्त नामों की संस्तुति की गई। इस कार्यक्रम में सचिव श्री एस.एन. पांडे, अपर सचिव ललित मोहन रयाल, अपर सचिव कर्मेंद्र सिंह, उप निदेशक, सूचना डॉ.नितिन उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।





# हेल्पिंग हैंड के किड्स कार्निवल कार्यक्रम में खूब हुआ मनोरंजन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। हैल्पिंग हैन्ड द्वारा क्रिसमस डे पर किड्स कार्निवल द होराइजन का आयोजन किया गया। जिसमे शामिल बच्चों एवं उनके अभिभावकों ने मनोरंजन के साथ ही लगाए गए स्टालों में जमकर खरीददारी की। इससे पूर्व मुख्य अतिथि मंडी परिषद की एमडी निधि यादव ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संस्था की अध्यक्षा ने बताया कि इस कार्निवल में शहर के नागरिकों के मनोरंजन के लिए कई तरह के शॉपिंग स्टाल्स, गेम स्टाल्स, फूड स्टाल्स, एक्टिविटी जोन का इंतजाम किया था। कार्निवल के दौरान बंपर हाऊसी खिलाई गई। जिसमें विजेताओं को कई आकर्षक ईनाम वितरित किए गए। कार्निवल का मुख्य आर्कषण दिल्ली से आई लाइफ साइज गेम टीम थी। जिसका बच्चों ने जमकर लुत्फ उठाया। बच्चों को कार्निवल में पोलर बीयर और सांता से मुलाकात करने का अवसर मिला। साथ ही स्पाइडर मैन, कैप्टन अमेरिका और ब्लैक पैंथर जैसे सुपर हीरोज ने खूब धूम मचाई। इस मौके पर हेल्पिंग हैंड संस्था की मानसी खंडेलवाल, नैंसी बंसल, खुशबू अग्रवाल, राधिका गोयल, विदूषी अग्रवाल, शिवाली गोयल, जूही अग्रवाल, सृष्टि मित्तल, नेहा छाबड़ा आदि मौजूद थीं।





# वाजपेई के जन्मदिन पर मजहर ने वितरित किए कंबल

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष दर्जा राज्यमंत्री मजहर नईम नवाब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में शामिल हुए तथा भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व द्वारा वार्ड नंबर 15 के बूथ संख्या 67 शक्ति केंद्र 15 में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर अपने कैंप कार्यालय जवाहर नगर में स्व.अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण कर सैकड़ों लोगों के साथ सेवा सुशासन दिवस के रूप में मनाया। कार्यक्रम में गरीब, बेसहारा, महिलाओं व परिवारों को सर्दी से बचाव हेतु उन्होंने कंबल वितरित किए। मजहर नईम ने इस मौके पर आम जनता को अटल आयुष्मान कार्ड के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि देश में इस योजना से लगभग 40 करोड लोग जुड़े हैं। जिसमें उत्तराखंड के आम, गरीब, अल्पसंख्यक व बेसहाराओं को इस योजना के तहत मुफ्त इलाज का लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवासीय योजना अटल आवास योजना तथा देश में लगभग 40 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज का लाभ मिल रहा है। नवाब ने बताया कि मुख्यमंत्री हुनर योजना के तहत उत्तराखंड की 10 हजार महिलाओं को रोजगार मिला है। महिलाएं महिला समूह के रूप में सिलाई कढ़ाई, जरी का काम, साड़ियों में कारचोप का काम, स्कूल ड्रेस, प्रसाद बनाने का काम, कैटरीन का काम व ब्यूटी पार्लर आदि का कार्य कर लाभान्वित हो रही हैं। नवाब ने बताया कि प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना से देश में लगातार विकास हो रहा है तथा प्रधानमंत्री की मन की बात का प्रत्येक व्यक्ति को लाभ मिल रहा है। स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती पर रामदेई, भिड़िया देवी, गुड्डी, गुड़िया, दिलबर, सलीम जहां, अफसाना, विमला देवी, रेनू देवी, गीता, नादरा, सीमा, शबनम, रहबर, गुलशन, सरिता, रजनी, हेमा, कमर जहां, नूरजहां, कमला देवी, अफसर जहां, शबाना,



मुस्कान आदि लगभग 200 लोगों को कंबल वितरित किए गए। कार्यक्रम में अल्पसंख्यक मोर्चे के प्रदेश उपाध्यक्ष परवेज खान, शरीफ मलिक, सुजात खान, रईस अहमद, रईस बरकाती, भाजपा नगर मंत्री असगर अली, शक्ति केंद्र संयोजक अजय राज, चांद वारसी, फारुख अंसारी, नाजिम सैफी, सुलेमान, माजिद, बूथ अध्यक्ष अनीश आलम, फारुख, अकबर अली व अन्य लोग मौजूद थे।

# समृद्ध भारत के लिए मिलकर करने होंगे प्रयास: गहतोड़ी

## मन की बात अल्पसंख्यकों के साथ कार्यक्रम का आयोजन

किच्छा(उद संवाददाता)। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई की जयंती एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात अल्पसंख्यकों के साथ कार्यक्रम का आयोजन सिरौली हाट बाजार परिसर में किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वन विकास निगम के चेयरमैन कैलाश गहतोड़ी, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, विशिष्ट अतिथि खतीब अहमद चेयरमैन हज कमेटी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता इंतजार हुसैन प्रदेश अध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने संयुक्त रूप से पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी के चित्र पर पुष्पांजलि कर किया ।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए वन विकास निगम के अध्यक्ष कैलाश गहतोड़ी ने कहा कि आज अटल जी और महामना मदन मोहन मालवीय जी की जन्म जयंती है। इस अवसर पर हम इन दोनों महान आत्माओं को याद करते हैं और उनसे जीवन में प्रेरणा लेकर प्रयास करते हैं कि हम सब भी उनके बताए मार्ग पर चलें। कंधे-से-कंधा लगाकर, कदम-से-कदम मिलाकर हमें अपनी जीवन-यात्रा को ध्येय-सिद्धि के शिखर तक ले जाना है। भावी भारत हमारे प्रयत्नों और परिश्रम पर निर्भर करता है। हम अपना कर्तव्य पालन करें, हमारी सफलता सुनिश्चित है।पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने अपने सम्बोधन में कहा कि देश के प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेई कुशल वक्ता के साथ साथ प्रखर लेखक, पत्रकार,कवि और कोमल हृदय के इंसान थे। देश के प्रति उनके भीतर गजब की देशभक्ति कूट कूट कर भरी हुई थी। वो विपक्ष में रहकर भी अपनी भूमिका बखूबी निभाते थे,उनके मुख से मृद शब्दो का ही प्रयोग होता था वो सत्तापक्ष से सवाल भी कुटीले अंदाज से करते थे और जब वो देश के प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने विपक्ष की बात को हमेशा गंभीरता से लिया। जो उन्हे सब राजनेताओं से अलग रखती थी। अटल जी का किरदार इतना बड़ा था कि वो बड़ी से बड़ी बातो को भी कुटिल अंदाज में कविता के माध्यम से बयां कर दिया करते थे और अपने लोगो के गलत कार्यो की भी खुले मन से आलोचना करते थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात अल्पसंख्यक भाइयों के साथ का आयोजन कराने वाले अल्पसंख्यक मोर्चा भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष इंतजार हुसैन को व्यवस्थित कार्यक्रम आयोजित कराने के लिए बधाई दी। हज कमेटी के चेयरमैन खतीब अहमद ने अल्पसंख्यक भाइयों को केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा अल्पसंख्यक हितों में चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी । भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष इंतजार हुसैन ने कहा कि पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ताओं के कारण ही आज व्यवस्थित रूप से सिरौली कला में कार्यक्रम प्रधानमंत्री मोदी जी के मन की बात अल्पसंख्यक भाइयों के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कहा कि इस उपस्थित जनमानस को भारतीय जनता पार्टी की योजनाओं का लाभ दिला कर इन्हें पार्टी की विचारधारा से जोड़ा जाएगा। कार्यक्रम का संचालन पूर्व जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा सैयद इफ्तिखार मियां ने किया। कार्यक्रम में बुजुर्गों को कंबल वितरित किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से सुभाष तनेजा, धर्मराज जायसवाल, सुरेंद्र चौधरी, महेंद्र पाल, मूलचंद राठौर, अमरिक सिंह मंड, राकेश गुप्ता, शुभाशीष बिष्ट, प्रकाश पंत, जियाउद्दीन कुरैशी, के जेंड वारसी, जहीर अहमद, बाबू अल्वी, जुल्फिकार अली, सैयदउल रहमान, मोहम्मद अल्वी, लियाकत अली, डॉ हारुण मलिक, मिसबाहुद्दीन, मोहम्मद जाकिर, यशपाल सिंह, बाबू खान, इम्तियाज वारसी समेत हजारो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे ।





# सुराज दिवस पर चौपाल लगाकर सुनी समस्याएं

## चौपाल में पीएम आवास योजना, बिजली, सड़क, पेयजल, आवारा पशुओ से निजात और गौशाला भूमि से सम्बन्धित कई समस्याएं दर्ज, ग्राम्य विकास सचिव ने शान्तिपुरी में मछली तालाब, ट्यूबवेल का स्थलीय निरीक्षण किया

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सुराज दिवस के अवसर पर जनपद की ग्राम पंचायतों में चौपाल लगाई गई।सुराज दिवस के अवसर पर राजकीय इण्टर कॉलेज शान्तिपुरी में आयोजित चौपाल में सचिव ग्राम्य विकास सहकारिता, पशुपालन, मत्स्य एवं डेरी विभाग डॉ० बी०वी०आर०सी० पुरुषोत्तम तथा जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त ने प्रतिभाग किया।इस अवसर पर पुरूषोत्तम ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस के अवसर सुराज दिवस का आयोजन किया किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना होगा। श्री पुरूषोत्तम ने जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त की कार्य शैली एवं मृदुभाषिता की प्रशंसा करते हुए जिलाधिकारी के साथ बिताए दिनों के स्मरण साझा किये। उन्होंने कहा कि चहुमुखी विकास हेतु शासन-प्रशासन, जनप्रतिनिधियों तथा जनता कोएकजुट होकर कार्य करना होगा। चौपाल में पीएम आवास योजना, बिजली, सड़क, पेयजल, आवारा पशुओ से निजात, भूमि आदि से सम्बन्धित 44 समस्याएं दर्ज हुई जिसमें से 23 समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया। श्री पुरूषोत्तम ने कहा कि शासन स्तर की समस्याओं के शीघ्रता से समाधान हेतु शासन में प्रमुखता से पैरवी की जायेगी। इस दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि जिन समस्याओं का समाधान मौके पर संभव नहीं हो पाने के कारण सम्बन्धित अधिकारियों को मार्क की जा रही हैं, सम्बन्धित अधिकारी उन समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करना सुनिश्चित करें।हरीश सिंह ने कृत्रिम अंग की मांग की, जिस पर श्री पुरूषोत्तम ने प्रार्थी हरीश की आवश्यकतानुसार कृत्रिम अंग उपलब्ध कराने के निर्देश जिला समाज कल्याण अधिकारी को दिये। राजेन्द्र शर्मा ने दुग्ध संग द्वारा माप-तौल में एसएनएफ तथा फैट की घटतौली की शिकायत की, जिस पर श्री पुरूषोत्तम ने खण्ड विकास अधिकारी को शिकायत की जांच करने के निर्देश दिये। विरेन्द्र सिंह कोरंगा ने राजकीय इण्टर कॉलेज की दीवार बनवाने की मांग की जिस पर श्री पुरूषोत्तम ने जिलाधिकारी को दीवार निर्माण हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। माया गंगोला ने पीएम आवास योजनान्तर्गत आवास की मांग की जिस पर श्री पुरूषोत्तम खण्ड विकास अधिकारी को पात्रता के आधार पर आवास उपलब्ध कराने हेतु कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रवासियों द्वारा उठाई गई अतिक्रमण की समस्या का समाधान करने के निर्देश उप जिलाधिकारी को दिये। क्षेत्र वासियों ने आवारा पशुओं से निजात दिलाने तथा गौशाला संचालन के इच्छुक व्यक्तियों के लिए क्षेत्र में गौशाला संचालन हेतु भूमि की मांग की, जिस पर श्री पुरूषोत्तम क्षेत्र में गौशाला निर्माण हेतु भूमि तलाशने के निर्देश खण्ड विकास अधिकारी तथा उप जिलाधिकारी को दिये। ग्राम प्रधानों ने खनन कार्य में पूरे राज्य में एक समान रायल्टी लागू करने, कला देवी ने जाति प्रमाण पत्र, ग्राम प्रधान राहुल तिवारी ने क्षेत्र को नशाखोरों से मुक्ति दिलाने, प्रधान विमला जोशी ने खमिया नम्बर 01 में सिंचाई हेतु ट्यूबवेल लगवाने, रोड निर्माण कराने, आशा देवी ने पेचिंग बनवाने, कविता आर्य ने चारानाद बनवाने आदि की मांग की।इसके पश्चात श्री पुरूषोत्तम ने स्टॉलों का निरीक्षण किया। मत्स्य, उद्यान, दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ,उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद, बाल विकास, पंचायतीराज आदि विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विद्यालय की बालिकाओं द्वारा स्वागत गीत व सरस्वती वन्दना की मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के पश्चात श्री पुरूषोत्तम ने शान्तिपुरी में मछली तालाब, ट्यूबवेल आदि का स्थलीय निरीक्षण किया। चौपाल में जिलाधिकारी युगल किशोर पंत, ब्लॉक प्रमुख श्रीमती ममता जल्होत्रा, प्रधान चंद्रकला कोरंगा, विमला जोशी, सैनिक संघ के अध्यक्ष कैप्टन रौतेला जी, गणेश उपाध्याय, गौरव बहेड़, कैप्टन संजय शर्मा, प्रशिक्षु आईएएस अनामिका, परियोजना निदेशक हिमांशु जोशी, उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा, जिला विकास अधिकारी तारा ह्यांकी, सहायक निदेशक मत्स्य संजय कुमार छिमवाल, मुख्य कृषि अधिकारी एके वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।







# मुख्यमंत्री ने गुरूद्वारा सिंह सभा में की अरदास

खटीमा (उद संवाददाता)।प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खटीमा नगर स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा में मत्था टेक कर देश एवं उत्तराखंड की खुशहाली की प्रार्थना की एवं गुरु घर में अरदास लगाई। इस अवसर पर प्रदेश के मुखिया पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि श्री गुरु गोविंद सिंह जी ने अपने धर्म की रक्षा के लिए अपने पूरे परिवार को कुर्बान कर दिया। परंतु अपना धर्म नहीं छोड़ा। बाल शहीद दिवस के दिन हम गुरु गोविंद सिंह जी और उनके चार पुत्रों को नमन करते हैं। इस अवसर पर उत्तरांचल पंजाबी महासभा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को गुरु गोविंद सिंह जी एवं उनके चार साहिबजादे का प्रतीक चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम में उत्तरांचल पंजाबी महासभा के प्रदेश सचिव मनोज वाधवा, अध्यक्ष विजय अरोरा, महामंत्री हरीश बत्रा, महिला अध्यक्ष सोनिया सुनेजा, ज्ञानी हरदेव सिंह, मनोज छाबड़ा, मदन सिंह, श्री राम अरोड़ा, अशोक बत्रा, रमेश ढींगरा,सुधीर बत्रा, गुरप्रीत भुल्लर, हरभजन खिंडा, राहुल अरोरा, रोहित छाबड़ा, ललित मोहन मारवाह, गुरमेज गांधी, सुभाष बत्रा, बिल्लू गुंबर, नवीन अरोरा, कुलदीप गंभीर, प्रदीप गुंबर, हरभजन खिंडा, रमेश चंद्र जोशी, सतीश गोयल, अजय मौर्या, बलवंत खड़ायत, रमेश जोशी आदि मौजूद थे।





# सुशासन दिवस पर बतायीं भाजपा सरकार के कार्यों की उपलब्धियां

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।मन की बात व पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेई की जयंती पर भाजपा कुमाऊं संभाग कार्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बूथ अध्यक्ष सोबन सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट, जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, मंडल अध्यक्ष विनीत अग्रवाल उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री



नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना गया। तत्पश्चात स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। मुख्य अतिथि अजय भट्ट द्वारा सुशासन दिवस पर राज्य व केंद्र सरकार की उपलब्धियां को व स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेई के जीवन व कार्यों पर प्रकाश डाला गया। जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के पार्टी व देश में किए गए कार्यों व योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला महामंत्री नवीन भट्ट, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष रेनू अधिकारी, पूर्व ब्लाक प्रमुख शांति भट्ट, दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा, मदन फर्त्याल उपाध्यक्ष पंकज अधिकारी,मनीष पाल, राहुल झींगरन, संजय त्यागी, कनिष्क धींगरा, विजय बिष्ट, चंद्रशेखर जोशी, देवेंद्र सिंह बिष्ट, कमल लमाकोटी, कमलेश जोशी आदि वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी व बूथ के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# तुलसी पूजन और क्रिसमस डे धूमधाम से मनाया

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।महिला एवं सामाजिक जागरूकता कल्याण समिति की ओर से तुलसी पूजन व क्रिसमस सेलिब्रेशन नेत्रदान कार्यक्रम का आयोजन युवा कल्याण हाल में किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती राधा सुभाष ने किया। कार्यक्रम में शहीद भगत सिंह सेवा दल की पूरी टीम व अध्यक्ष अरुण चुघ का महिला जागरूकता की टीम ने शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया और शहीद भगत सिंह सेवा दल के अध्यक्ष अरुण चुघ ने सभी को नेत्रदान के प्रति जागरूक किया। जिसमें महिला सामाजिक जागरूकता की अध्यक्ष डॉ. उषा नरेंद्र जैन सहित 30 सदस्यों ने नेत्रदान के फार्म भरे। साथ ही समिति ने तुलसी पूजन दिवस के उपलक्ष्य में तुलसी जी के बारे में विस्तार से जानकारी व तुलसी पूजन का आयोजन किया गया। समिति ने क्रिसमस का भी रँगारंग कार्यक्रम किया जिसमें 30 बच्चों ने डांस,सांग और सपीचं में भाग लिया। इस कार्यक्रम में सेंटाक्लोज ने सभी बच्चों को उपहार दिये। प्रोग्राम में भाग लेने वाले बच्चों को समिति की तरफ से उपहार वितरित किये गये। इस कार्यक्रम में समिति के सभी सदस्य श्रीमती राधा सुभाष, कविता रावत,सीता चौरसिया, ममता नेगी, हेमा वर्मा,निर्मला पथनी, कविता, दुर्गा, रूपा, सुनीता ,गीता, पुष्पा, विमला, प्रतिमा मंडल,संध्या रानू सहित सैकडों महिलायें उपस्थित रही।





# तुलसी दिवस पर सखी सहेली ग्रुप ने की पूजा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सखी सहेली ग्रुप द्वारा तुलसी दिवस बेरी पड़ाव स्थित लक्ष्मी मन्दिर में मनाया गया। इस अवसर पर सभी सखी सहेलियों ने मिलकर तुलसी की पूजा अर्चना की और छप्पन भोग भी लगाये। अध्यक्ष मन्जू वार्ष्णेय ने कहा कि हिन्दू धर्म में तुलसी जी का पौधा सबसे पवित्र माना जाता है। इसलिए तुलसी जी की पूजा और स्थापना सभी को अवश्य करनी चाहिए। महामंत्री सुमन वार्ष्णेय व कोषाध्यक्ष खुशबू जैसवाल ने कहा कि हम सभी को अपने अपने घर



आँगन, मे तुलसी जी का पौधा अवश्य लगाना चाहिए। जिससे पेड पौधे लगाने का महत्व समझ बच्चे भी समझ सकें। इस अवसर पर शर्मिला, शकुन्तला वार्ष्णेय, किरन कश्यप, अंजू मिश्रा, रश्मि शर्मा, मीना गुप्ता, बेबी गोयल,अर्चना केशरवानी, कमलेश बगडबाल, कंचन राजपूत, सुशीला बगडवाल, रेनू शर्मा, मन्ना परगाई, हेमलता जायसवाल आदि महिलाएं उपस्थित रही।

# जयंती पर शहीद उधम सिंह को याद किया

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कर परामर्शदाता नरेश कुमार सेठ के कार्यालय पर शहीद उधम सिंह जी की जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गयी। इस अवसर पर व्यापार मण्डल के सरपरस्त जगदीश छाबड़ा ने शहीद उधम सिंह के चित्र पर माल्यार्पण किया व उनको नमन किया। जगदीश छाबड़ा ने कहा कि शहीद उधम सिंह जी की वीरता हर भारतीय में अंकित है। इस अवसर पर मनोहर लाल मिगलानी, जगदीश छाबड़ा, ईशान सेठ, प्रेम ठक्कर, बॉबी टुटेजा, अशोक चोपड़ा, मान सिंह ग्रोवर,सन्नी गाबा, विजय मिड्ढा, सुरेश मदान, राजीव गगनेजा, राजकुमार सीकरी, नरेश कुमार सेठ, अशोक चोपड़ा आदि मौजूद थे।

शक्तिफार्म में उत्तरांचल दर्पण समाचार पत्र प्राप्त करने और समाचार विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।

विक्की मण्डल संवाददाता
उत्तरांचल दर्पण
9193205426

# कांग्रेस नेताओं का प्रतिनिधि मण्डल प्रदेश अध्यक्ष से मिला

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रांतीय प्रवक्ता और वरिष्ठ कांग्रेस नेता अनिल शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल देहरादून में प्रदेश कांग्रेस कार्यालय स्थित राजीव भवन में प्रदेश अध्यक्ष करण मेहरा से मिला स इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष से विभिन्न राजनीतिक मुद्दों पर



चर्चा की। इस अवसर पर उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के संयोजक पूर्व मेयर प्रत्याशी सुनील आर्य, महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष रामप्रसाद, जिला अध्यक्ष पूर्व प्रधान राजेश सिंह, पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन, अनिल सिंह, कांग्रेस नेता निरोद अधिकारी, अरविंद सक्सेना सहित बड़ी संख्या में अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मरणोपरांत दो लोगों के जीवन में रोशनी कर गई समाजसेविका कैलाश रानी

गदरपुर(उद संवाददाता)। आवास विकास कॉलोनी निवासी प्रेमनाथ खुराना की धर्मपत्नी व सोनू खुराना की माताजी श्रीमती कैलाश रानी खुराना का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन पर क्षेत्र के तमाम जनप्रतिनिधियों सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उनके आवास पर शोकाकुल परिवार को सांत्वना देते



हुए ढांढस बंधाया। रविवार दोपहर को नगर के मोक्ष धाम में कैलाश रानी खुराना का अंतिम संस्कार किया गया। वही परिवार ने कैलाश रानी खुराना के अंतिम इच्छा का सम्मान करते हुए नेत्रदान करने की इच्छा व्यक्त की जिस पर आवास विकास के सभासद मनोज गुंबर ने मुरादाबाद के आई बैंक की टीम से संपर्क किया और नेत्रदान करने की इच्छा की जानकारी दी। जिस पर आई बैंक की टीम ने गदरपुर के आवास विकास कॉलोनी पहुंचकर सफलतापूर्वक कैलाश रानी की अंतिम इच्छा जवको पूरा किया। अब कैलाश रानी की आंखों से 2 लोगों के जीवन में उजियारे की किरण आएगी। दिवंगत माताजी सावन कृपाल रूहानी मिशन से जुड़कर धार्मिक एवं समाज सेवा के कार्यों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेती रही है।

# हिंदू रक्षा निधि अभियान का हुआ शुभारंभ

गदरपुर(उद संवाददाता) हिंदू रक्षा निधि अभियान का प्रारंभ क्षेत्र के प्रसिद्ध उद्योगपति व जीआरडी इंटरनेशनल स्कूल के वाइस चेयरमैन सतनाम सिंह चावला से किया गया। जानकारी देते हुए अंतराष्ट्रीय हिंदू परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ राजीव कुमार महाजन ने बताया कि संगठन को आर्थिक रूप से मजबूत और सशक्त बनाने हेतु हिंदू रक्षा निधि का कार्यक्रम पूरे प्रांत में चलाया जा रहा है उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के तहत आज रविवार को क्षेत्र के प्रतिष्ठित उद्योगपति एवं ग्राम धौलपुर के जीआरडी



इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के वाइस चेयरमैन सतनाम सिंह चावला से सहयोग प्राप्त कर किया गया। सहयोग देने के लिए डॉ.महाजन ने सतनाम सिंह चावला का आभार भी जताया। इस दौरान डॉ महाजन ने बताया कि यह अभियान आगामी 9 जनवरी तक लगातार जारी रहेगा। इस अवसर पर अमित धींगरा, हरचरण चन्ना, राजकुमार, विक्रम सैनी, गोपाल कश्यप, सियाराम सैनी आदि अहिप व बजरंग दल कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लाखों की चोरी करने वाले ईनामी को किया गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एक वर्ष पूर्व बनभूलपुरा मंडी में दुकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए कीमत का सामान व नगदी चोरी कर फरार हुए ईनामी आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार 21 दिसंबर 2021 को तबीव रहमान पुत्र तवी उर रहमान निवासी वार्ड नंबर 28 बनभूलपुरा की मंडी स्थित दुकान का ताला तोड़ सोनू कुमार पुत्र रामधनी पता चांदपुर थाना खागा जिला फतेहगंज उत्तर प्रदेश ने लाखों रुपए कीमत का सामान इस मामले में तबीब ने 30



दिसंबर को रपट दर्ज कराई थी। आरोपी महकूलाल 1 वर्ष से वांछित था और उस पर 2500 रुपये के ईनाम की घोषणा की गई थी। मामले पर कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक गुलाब सिंह कांबोज चौकी प्रभारी मंडी के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा जिला फतेहपुर क्षेत्र में तलाशी की जा रही थी। मुखबिर की सूचना पर नेशनल हाईवे फ्लाईओवर लालगंज की ओर जाने वाले रास्ते पर आरोपी महकू लाल पुत्र स्वर्गीय फकीरे लाल निवासी थाना खागा जिला फतेहपुर उत्तर प्रदेश की पकड़ लिया। उसके पास से चोरी किए हुए कुल 5000 रुपए भी बरामद किए गए। महकू को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

# छात्र संघ अध्यक्ष ने भाजपा जिलाध्यक्ष से लिया आशीर्वाद

गदरपुर (उद संवाददाता)। छात्र संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष गौतम पपनेजा ने अपने परिवार और सहयोगियों के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा के निवास पहुँचकर उनका आशीर्वाद लिया।भाजपा जिलाध्यक्ष गुँजन सुखीजा ने छात्र संघ अध्यक्ष पद पर विजयी होने पर गौतम पपनेजा को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कॉमना की। वही जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने कहा कि एबीवीपी



के प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़कर जीत हासिल करना सौभाग्य की बात है जिसके लिए गौतम पपनेजा व अभी विद्यार्थी जिन्होंने अपना बहुमूल्य वोट देकर गौतम को जिताया वह बधाई के पात्र है।उन्होंने गौतम पपनेजा के परिवार को बधाई देते हुए माल्यार्पण कर सभी लोगो का स्वागत कर बधाई दी।इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष गुम्बर, अशोक हुड़िया राजीव पपनेजा,किशु पपनेजा,चंकित हुड़िया,नरेश हुड़िया,कपिल अरोरा सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

MANUFACTURE DATE, EXPIRY DATE, BATCH CODE, PRINTER



AVAILABLE HERE

NEELKANTH ENTERPRISE

Near G Mart, Kashipur By Pass Road, Rudrapur Ph.: 9837071614

# केंटर में लाखों की शराब पेटी ले जाते दो गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। टैंकर में छिपाकर लाखों की अवैध शराब की साठ पेटियां ले जा रहे 2 नशा तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार हरेन्द्र चौधरी प्रभारी निरीक्षक द्वारा पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर टीपी नगर चौकी गेट के सामने चेकिंग के दौरान रूद्रपुर की ओर से एक सफेद रंग के बिना नम्बर के टैंकर को रोककर चौक किया गया तो टैंकर की बॉडी के अन्दर साठ पेटियों में भरी 720 बोतल बरामद की गयी।



टैंकर में सवार दो लोगों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की गई तो उन्होंने अपना नाम पता लच्छू अहिरवार निवासी छत्तरपुर मध्यप्रदेश व नवीन निवासी सोनीपत हरियाणा बताया। पुलिस ने वाहन व शराब कब्जे में लेकर दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।पूछताछ में दोनों ने बताया कि वे अवैध शराब को हरियाणा से सस्ते दामों में खरीदते हैं तथा उनमें फर्जी तरीके से आर्मी व सीएसडी का टैग लगाकर ऊंचे दामों में हल्द्वानी समेत अन्य पहाडी क्षेत्रों में सप्लाई करते हैं।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में हरेन्द्र चौधरी, प्रभारी निरीक्षक, उनि राजवीर सिंह नेगी,एसओजी प्रभारी, उनि पंकज जोशी, टीपीनगर चौकी प्रभारी, हे.कानि. जगदीश भारती, हे.कानि. त्रिलोक सिंह, कानि.तारा सिंह, नवीन राणा, अशोक रावत शामिल थे।

# मोनाड पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मना क्रिसमस डे

गदरपुर(उद संवाददाता)।क्रिसमस डे के दौरान मोनाड स्कूल में अभिभावकों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सुप्रसिद्ध प्रेरक ,वक्ता, शिक्षाविद व समाजशास्त्री समित टिक्कू को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया । उन्होंने अभिभावकों एवं उनके पालकों को जीवन में बच्चों की मनचाही सफलता प्राप्त करने हेतु विशेष सलाह व गाइडलाइंस देकर उनको प्रेरित किया स उनके



प्रेरणा दायी विचारों से छात्र- छात्राओं के साथ-साथ अभिभावकों का भी ज्ञान वर्धन हुआ।उक्त बैठक के साथ-साथ क्रिसमस के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया जिसमें स्कूल प्रांगण में बच्चों के विभिन्न प्रकार के स्टाल,ब्रेन गेम,पुस्तक मेला एवं खेलकूद प्रतियोगिताएं भी कराई गई। उपरोक्त गतिविधियों के पश्चात शिक्षकों के साथ भी कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें उन्हें शिक्षा में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए सुझाव दिए गए।

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपना नाम सुभाष चन्द्र से बदलकर सुभाष चन्द्र शर्मा रख लिया है। भविष्य में मुझे सुभाष चन्द्र शर्मा के नाम से जाना व पहचाना जाए।

सुभाष चन्द्र शर्मा पुत्र श्री ईश्वर दत्त शर्मा, निवासी-ग्राम व पोस्ट- गढ़ीनेगी, जसपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपनी पुत्री का नाम आरवी से बदलकर आरवी छाबड़ा रख दिया है। भविष्य में मेरी पुत्री को आरवी छाबड़ा के नाम से जाना व पहचाना जाए।

आरवी छाबड़ा पुत्री श्री संदीप छाबड़ा, निवासी-ए-5, आदर्श कालोनी, वार्ड नं. 14, रूद्रपुर ,उधम सिंह नगर,उत्तराखण्ड

# पेज एक का शेष...

**भुलाया नहीं जा सकता..**है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरु गोविंद सिंह जी साहब के चारों शहजादों की शहादत को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने की घोषणा कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की है। यह दिवस नई पीढ़ी को साहिबजादों के साहस, शौर्य और पराक्रम से अवगत कराता है एवं उनके बलिदान को अमर रखेगा। इन वीर बालकों ने अपने धर्म की रक्षा में बलिदान दिया। हम अपने बच्चों को ऐसे महान बलिदानियों के प्रेरक प्रसंगों को सुनाकर उन्हें जागरूक करें। इन्हीं बलिदानियों की नींव पर रखी गई भारत की स्वतंत्रता, हमें हमारे कर्तव्यों का ठीक प्रकार से पालन करने की शक्ति प्रदान करती है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में नए भारत की नींव रखी जा रही है, आज भारत खेल, विज्ञान, टेक्नोलॉजी, निर्यात, डिजिटल जैसे क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है। आज भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया के 5 सबसे बड़े देशों में शुमार है। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत सभी ज्ञात अज्ञात शहीदों स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद किया गया। अमृत काल में भारत निश्चित ही नई ऊंचाइयों को छूने का काम करेगा। आज केंद्र एवं राज्य सरकार मिलकर हेमकुंड साहिब यात्रा को सुगम बना रही है, वही हेमकुंड तक रोपवे बनाने का कार्य भी किया जा रहा है। बड़ी संख्या में मौजूद छात्र छात्राओं से उन्होंने कहा कि समय बहुमूल्य है। इस समय को हम सभी ने अपने सपनों को साकार करने में लगाना चाहिए। जीवन में संकल्प लेकर आगे बढ़ने पर सारी समस्याओं का समाधान स्वयं हो जाता है। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने धार्मिक डेरा कार सेवा के प्रमुख बाबा तरसेम सिंह से आशीर्वाद भी लिया। इस दौरान विधायक शिव अरोरा, डॉ.मोहन सिंह बिष्ट, पूर्व विधायक डॉ.प्रेम सिंह राणा, उपाध्यक्ष किसान आयोग राजपाल सिंह, बाबा तरसेम सिंह, विकास शर्मा, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, संतोष अग्रवाल, अमित नारंग, जिलाधिकारी युगल किशोर पंत, एसएसपी मंजूनाथ टीसी, सीडीओ विशाल मिश्रा, अमरजीत सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेम सिंह टुरना, केडी गहतोड़ी, वरुण अग्रवाल समेत तमाम लोग मौजूद थे।

**अंकिता को न्याय दिलाने..**अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान पूर्व सीएम हरीश रावत ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि अंकिता हत्याकाण्ड के मामले में सरकार की भूमिका संदिग्ध है। उन्होंने कहा कि वीआईपी गेस्ट का अभी तक खुलासा न होना कहीं न कहीं सरकार की भूमिका पर सवाल खड़े कर रहा है साथ ही इस मामले में उन्होंने सरकार के बयान पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अंकिता को हर हाल में न्याय मिलना चाहिए। अंकिता हत्याकाण्ड में वीआईपी को बचाने के लिए सरकार ने विधानसभा में जो बयान दिया है वह जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है। उन्होंने कहा कि वनंतरा रिसार्ट में वीआइपी को लेकर सरकार के मंत्री का जो बयान आगे आया है वह भविष्य में मुकदमे को प्रभावित कर सकता है। वनंतरा रिसार्ट की कर्मचारी ने अपनी वाट्सएप चेटिंग में साफ कहा है कि उस पर वीआइपी को स्पेशल सर्विस देने के लिए दबाव था। इस प्रकरण को लेकर उत्तराखंड की जनता में अभी भी कई तरह के संदेह हैं। इसमें वीआइपी की उपस्थिति गंभीर मामला है। इससे रिसार्ट संस्कृति पर भी गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। वहीं पूर्व सीएम हरीश रावत ने अनामिका गैंगरेप केस में भी सरकार से उत्तराखंड की बेटी को न्याय दिलाने की मांग की है।उन्होंने कहा कि पहला चरण अंकिता बेटी को न्याय दिलाने के लिये है अगर सरकार ने उचित कदम नहीं उठाया तो संषर्ष कया जायेगा। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में महिलायें और कांग्रेस सहित अन्य संगठनों के कार्यकर्ता धरने में शामिल होने पहुंचे। पूर्व सीएम ने कहा कि उनका धरना अगले 24 घंटे तक जारी रहेगा।

**एसटीएफ ने एक ..**विशेष भूमिका रही। पकड़े गये ईनामी गैंगस्टर के खिलाफ उधमसिंहमगर के विभिन्न थानों में चोरी और गैंगस्टर एक्ट के करीब 9 मुकदमे दर्ज होने की जानकारी मिली है। अन्य जनपदों/राज्य से भी इस अपराधी का क्रिमिनल बैकग्राउंड पता लगाया जा रहा है। अंतरराज्यीय चोर की गिरफ्तारी के लिए एसटीएफ की कुमाऊ यूनिट पिछले 3 दिनों से कुमाऊं और यूपी के बॉर्डर क्षेत्र में लगातार छापेमारी कर रही थी, जो कि वर्ष 2021 से फरार चल रहा था। बता दें ऑपरेशन इनामी के अंतर्गत उत्तराखंड एसटीएफ अब तक 21 इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी कर चुकी है। जसविंदर को गिरफ्तार करने वाली टीम मेंनिरीक्षक एमपी सिंह,उप निरीक्षक के0 जी0 मठपाल,प्रकाश भगत , हेड कांस्टेबल जगपाल सिंह,आरक्षी गुरवंत सिंह आदि शामिल थे।

**धर्मांतरण के खिलाफ..** मीडिया कर्मियों पर मुकदमे दर्ज करने का विरोध भी किया। प्रदर्शनकारियों ने मांगे पूरी न होने पर रवांई घाटी में उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। व्यापार मंडल के अध्यक्ष बृजमोहन चौहान ने कहा कि कुछ बाहरी लोगों द्वारा गरीबों को लालच देकर धर्मांतरण किया जा रहा है। यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके बाद प्रदर्शनकारी तहसील में धरना देंगे और सीएम धामी को ज्ञापन भेजा जाएगा।

**पत्नी ने प्रेमी के ..**कोशिश की तो उन्होंने उसे जान से मारने की धमकी दी व उसकी पत्नी नसरीन को डण्डे से मारा। शाकीर का कहना है कि उसने घटना की लिखित शिकायत पुलिस से की लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं ।

**रेलवे भूमि से ..**हल्द्वानी मनीष कुमार, एसपी अपराध/यातयात डॉ० जगदीश चंद्र, एसपी हल्द्वानी हरबंस सिंह, सीओ हल्द्वानी भूपेंद्र सिंह धौनी, नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय, तहसीलदार हल्द्वानी संजय कुमार, अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

**अगले चौबीस घंटे..**बर्फबारी की संभावना बेहद कम है। यूएस नगर और हरिद्वार में शीत लहर को लेकर लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है। वहीं, राजधानी दून और आसपास के इलाकों में मौसम साफ रहने के आसार हैं। अधिकतम तापमान 23 डिग्री और न्यूनतम तापमान 06 डिग्री बने रहने की संभावना है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


HALDWANI
Tikonia +91 9997207007
Pilikothi +91 9690256666
Pilikothi +91 8923468434
KASHIPUR
Kashipur +91 8303074649
Ramnagar Road +91 8791898600
Cheema Chauraha +91 9012451341
Cheema Chauraha +91 9690785231
RUDRAPUR
Civil Lines +91 8958533331
Kashipur by Pass +91 9690282777
Kashipur by Pass +91 7895741313
Kashipur by Pass +91 9917170230
MORADABAD
Moradabad +91 7017558272
KICHHA
Kichha +91 7017566920
(Deepak Electronics)
HARIDWAR
Haridwar +91 9761699704
GADARPUR
Gadarpur +91 9927850999
(Guru Nanak Enterprises)
EASY EMI
OPTION AVAILABLE
BAJAJ FINSERV
HDB FINANCIAL SERVICES
NO COST EMI
ATTRACTIVE
EXCHANGE OFFERS
UPTO 55%
OFF
UPTO 25%
ADD CASHBACK
Online
DIWALI
DHAMAKA
Sale
SANSUI
Whirlpool
AMSTRAD
LLOYD
Mi
IFB
DELL
SONY
DAIKIN
ONEPLUS
MITSUBISHI
ELECTRIC
SAMSUNG
BOSCH
JBL
VOLTAS